ई.एच.डी.-7

01986

स्नातक उपाधि कार्यक्रम

सत्रांत परीक्षा

जून, 2010

ऐच्छिक पाठ्यक्रम : हिन्दी

ई.एच.डी.-7 : हिन्दी भाषा की संरचना

समय : 3 घण्टे | *अधिकतम अंक : 100*
(कुल का 70%)

नोट : *खण्ड 'क' में से* ***किन्हीं चार*** *प्रश्नों के उत्तर लिखिए। खण्ड* ***'ख' अनिवार्य*** *हैं।*

खंड - क

1. 'स्वन' का तात्पर्य स्पष्ट करते हुए 'स्वनिम' तथा 'संस्वन' का अंतर समझाएं। **4x15=60**

2. 'व्युत्पादन' से आप क्या समझते हैं? हिंदी में व्युत्पादन की प्रक्रिया को विस्तार से सोदाहरण समझाएँ।

3. संयुक्त वाक्य किसे कहते हैं? इसके अंतर्गत उपवाक्यों के बीच विविध प्रकार के संबंधों का विवेचन कीजिए।

4. 'संलाप' की संकल्पना को स्पष्ट करते हुए इसके विविध प्रकारों का परिचय दीजिए।

5. 'शब्द में अर्थबोध कराने की शक्ति होती है'-इस कथन के आलोक में वाच्यार्थ, लक्ष्यार्थ तथा व्यंग्यार्थ का विवेचन कीजिए।

6. भाषा को 'सामाजिक वस्तु' क्यों कहा जाता है? भाषा तथा समाज के सहसंबंध को उदाहरण सहित समझाइए।

7. हिंदी भाषा के विभिन्न शैली-भेदों का परिचय दीजिए।

8. देवनागरी लिपि में संयुक्त वर्णों तथा अनुस्वार का मानकीकरण किस प्रकार हुआ है? उदाहरण सहित समझाकर लिखिए।

खंड - ख

9. उपयुक्त उदाहरण देते हुए ***किन्हीं चार*** पर टिप्पणियाँ लिखिए। **4x5=20**

(a) हिंदी में आगत ध्वनियाँ तथा उनके वर्ण

(b) तत्सम तथा तद्भव शब्दों का अंतर

(c) क्रिया पदबंध

(d) एकालाप

(e) विपरीतार्थक शब्द

(f) भाषा समुदाय

(g) भाषा तथा लिपि का संबंध

10. उपयुक्त शब्द चुनकर वाक्य पूर्ति कीजिए। **5x2=10**

(a) दादाजी बाज़ार जा __________ । (रहा है/ रहे हैं)

(b) दो भिन्न-भिन्न भाषाओं के संयोग से बने शब्द को __________ कहते हैं। (द्विगु/संकर/समस्रोतीय)

(c) लोकोक्ति को ही __________ भी कहते हैं। (मुहावरा, कहावत)

(d) जब हम किसी को पदनाम से बुलाते हैं, तो उससे हमारा __________ संबंध होता है। (आत्मीय/औपचारिक)

(e) __________ लिपि में लिखित हिंदी संध की राजभाषा होगी। (देवनागरी/रोमन/ब्राह्मी)

11. कोष्ठक में दिए गए निर्देशों के अनुसार वाक्यों को बदलकर लिखिए। **5x2=10**

(a) महिमा ने रवि से अपने साथ बाज़ार चलने को कहा। (मिश्र वाक्य में रूपांतरित कीजिए)

(b) मोहन ने सूचना दी कि अभिनव बिन्द्रा ने स्वर्ण पदक जीता है। (सरल वाक्य में बदलिए)

(c) **जो सजग रहता है,** वह कभी धोखा नहीं खाता। (रेखांकित विशेषण उपवाक्य को विशेषण पदबंध में बदलिए)

(d) तुम इतना लाल-पीले क्यों हो रहे हो? (मुहावरे को सामान्य कथन में बदलिए)

(e) लंका के राक्षसों ने बहुत कोशिश की, पर वे हनुमान का **कुछ नहीं बिगाड़ सके।** (रेखांकित वाक्यांश के स्थान पर मुहावरे का प्रयोग कीजिए)